सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - २ अंक - २९ सोमवार – ०६/०१/२०२४ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### लोकतंत्रीक प्रशासन प्रणाली

प्राचीन विश्व इतिहास में जिन पसंदीदा विषयों के इर्द–गिर्द कहानियां बुनी गई हैं, वे हैं– राजमुकुट, सिंहासन, सिंहासन के लिए युद्ध और राजसी शान–शौकत वाले जीवन के पहलू। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को देख लें– हमेशा किसी न किसी राजसिक कथा से भरपूर। वैदिक युग या प्राचीन दुनिया में प्रशासन की पद्धति राजतंत्र थी जिसमें जमींदार, जागीरदार, सूबेदार, राजा, महाराजा, सम्राट, चक्रवर्ती सम्राट– जैसे विभिन्न स्तर के पद थे। आखिरी पद– चक्रवर्ती सम्राट– तक पहुँचने के लिए आसपास के छोटे राज्यों में घुसपैठ कर सेना के साथ घोड़ा दौड़ाया जाता था। उस घोड़े को शांतिपूर्ण तरीके से अपने राज्य से गुजरने देना आक्रमणकारी राजा की अधीनता को स्वीकार करना था। जो राजा अपनी सीमा में घोड़े को रोकता था, उसे घोड़े की रक्षक सेना से युद्ध करना पड़ता था। प्राचीन भारत में सभी लोग राजा को भगवान का रूप और अपने उद्धारकर्ता के रूप में मानते थे और राजतंत्र की छत्रछाया में रहने को इच्छुक (या विवश) होते थे। उन दिनों कहीं भी लोकतंत्र या प्रजातंत्र जैसा जनता की आवाज़ बुलंद करने का जरिया मौजूद नहीं था। छठी शताब्दी ईसा पूर्व में, भारत में वैशाली गणराज्य (अब बिहार राज्य का अंश) था जिसके महाजनपद थे– वज्जि (राजधानीरू वैशाली), कोसल (राजधानीरू श्रावस्ती), काशी (राजधानीरू वाराणसी), मगध (राजधानीरू पाटलिपुत्र)। वैशाली गणराज्य प्राचीन विश्व इतिहास में अबतक उपलब्ध लोकतंत्र का प्रथम निशान था। वैशाली पर राजगृह के शक्तिशाली सम्राट अजातशत्रु ने हमला किया और जीत लिया। उसी शताब्दी में यूरोप के प्राचीन एथेंस शहर–राज्य ने सभी जमींदारों को विधान सभा में बोलने की अनुमति दी, जिससे भविष्य में लोकतंत्रों का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस विश्लेषण के बाद यह निष्कर्ष निकलता है कि लोकतंत्र आधुनिक समय और सभ्यता के विकास की देन है।

## नीमच पुलिस की बडी कार्यवाही ईनामी फरार कुख्यात तस्कर, शौकीन धाकड पुलिस गिरफ्त मे ,पुर्व मे भी दे चुका बडी घटनाओ को अंजाम,एनडीपीएस ओर अपहरण मामलो मे था लिप्त

**फरारी मे पुलिस की संलीप्तता होने पर सख्त कार्यावाही की जाएगी - पुलिस अधिकक्ष अंकित जयसवाल**



नीमच जिला पुलिस ने इनामी अंतरराज्यीय तस्कर शौकीन धाकड़ को गिरफ्तार किया है। आरोपी मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में कई तस्करी के मामलों में वांटेड था। जो लंबे समय से फरार चल रहा था। वहीं आरोपी की गिरफ्तारी के बाद शनिवार शाम को नीमच पुलिस कंट्रोल रूम पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें एसपी अंकित जायसवाल ने आरोपी के बारे में जानकारी दी।

शौकीन धाकड़ पर कुल 11 प्रकरण दर्ज हैं। मध्यप्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के 7 एनडीपीएस एक्ट और अपहरण के मामलों में वह फरार चल रहा था। शौकीन की गिरफ्तारी को साइबर सेल नीमच और रतनगढ़ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया है। साइबर पुलिस टीम ने 2 माह तक अलग अलग ठिकानों पर दबिश दी, जिसके बाद आरोपी गिरफ्तार किया गया।आरोपी शौकीन धाकड़ बाड़मेर, भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ में रहकर फरारी काट रहा था। इस दौरान वह अलग–अलग मोबाइल नंबरों का उपयोग कर ठिकाने बदलता रहा। कार्रवाई को अंजाम देने वाली साइबर सेल की टीम को एसपी ने सम्मानित किया। कॉन्फ्रेंस में एडिशनल एसपी अंकित नवल सिंह सिसोदिया सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## सबसे बुर्जुग महिला का निधन जापान की तोमिको ने एक सौ सोलाह साल की उम्र मे ली अंतिम साँस

**अब ब्राजील की महिला सबसे उम्रदराज हुई**

दुनिया की सबसे बुजुर्ग इंसान तोमिको इतूका का 116 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनकी मौत 29 दिसंबर को ह्योगो प्रांत के एक नर्सिंग होम में हुई। जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को उनकी मौत की पुष्टि की। इतूका का जन्म 23 मई, 1908 को पश्चिमी जापान के आशिया शहर में हुआ था। वह 3 भाई–बहनों में सबसे बड़ी थीं। इतूका की शादी 20 साल की उम्र में हुई थी। उनके 4 बच्चे और 5 पोते–पोतियां हैं। इतूका के पति का निधन साल 1979 में हुआ था। इतूका की मौत की वजह अत्यधिक उम्र का होना बताया गया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने सितंबर 2024 में इतूका को दुनिया की सबसे बुजुर्ग इंसान के रूप में मान्यता दी थी। दरअसल, पिछले साल अगस्त में स्पेन की मारिया ब्रान्यास का 117 साल की उम्र में निधन हो गया था।

## महाराष्ट्र में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम में मची भगदड़ , महिलाओं की हालत बिगडी

**शास्त्री खुद विभुति बाटाने पर तैयार थे इसलिए मची भगदड**

महाराष्ट्र के भिवंडी में बागेश्वर धाम के महाराज धीरेंद्र शास्त्री की सभा में भगदड़ मच गई। वे मानकोली नाके के पास इंडियन ऑयल कंपनी के सत्संग कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि वे खुद सभी लोगों को विभूति बाटेंगे। इसके बाद भीड़ बेकाबू हो गई। भगदड़ में फंसी कुछ महिलाओं की हालत बिगड़ गई। हालांकि, किसी को गंभीर चोट नहीं आई। भगदड़ मचते ही धीरेंद्र शास्त्री मंच छोड़कर चले गए थे।

## तमिलनाडु में आज से जल्लीकट्टू शुरू इस बार छःसौ से ज्यादा बैल शामिल प्रतियोगीता के लिए350 प्रतिभागी मैदान मे।

**घटना महाराष्ट्र के परभणी मे २६ दिसंबर की रात की है**



तमिलनाडु में 2025 का पहला जल्लीकट्टू पुदुक्कोट्टई के गंडारवाकोट्टई तालुक के थचानकुरिची गांव में शुरू हो चुका है। इस बार जल्लीकट्घ्टू में त्रिची, डिंडीगुल, मनाप्पराई, पुदुक्कोट्टई और शिवगंगई जैसे जिलों के 600 से ज्यादा बैलों को शामिल किया गया है। वहीं, 350 प्रतिभागी बैलों को वश में करने की कोशिश करेंगे। थचानकुरिची गांव में राज्य सरकार में मंत्री रघुपति, मेयनाथन और कलेक्टर अरुणा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। थाचनकुरिची में 200 से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा ड्यूटी पर हैं। साथ ही पशुपालन विभाग की ओर से 25 कर्मचारियों के साथ 7 मेडिकल टीमें भी तैनात की गईं हैं। पुदुक्कोट्टई को सबसे ज्यादा संख्या में वडिवासल (बैलों के लिए एंट्री पॉइंट) और तमिलनाडु में सबसे ज्यादा जल्लीकट्टू की मेजबानी के लिए जाना जाता है आयोजन से पहले प्रतिभागियों की मेडिकल जांच की गई और आईडेंटिटी कार्ड जारी किए गए हैं। हर राउंड में, 30 प्रतिभागी आक्रामक बैलों को काबू करने की कोशिश कर रहे हैं।

## पीथमपुर में रामकी फैक्ट्री पर पथराव,गाडियो के काँच तोडे ,पुलिस ने भीड को खेदेडा।

**तीन लोगो पर पुलिस एफआईआर हुई**

पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के जहरीले कचरे के निष्पादन का विरोध शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। शनिवार सुबह करीब 10 बजे तारपुरा गांव से लगी रामकी एनवायरो इंडस्ट्रीज की फैक्ट्री पर पथराव किया गया। इसमें कुछ वाहनों के कांच टूट गए। इसके बाद पुलिस ने लोगों को फैक्ट्री के पास से खदेड़ा। मौके पर तैनात एसडीएम प्रमोद कुमार गुर्जर ने बताया– पथराव की वजह एक अफवाह को बताया जा रहा है। ये अफवाह फैलाई गई थी कि भोपाल से आए कंटेनरों को खोलकर यहां कचरा अनलोड किया जा रहा है। यह भी कहा गया कि अनलोडिंग में एक मजदूर घायल हुआ है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ है। कोई कंटेनर नहीखोला गया है। मैंने खुद सभी कंटेनरों को चेक किया है। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री परिसर और इसके 100 मीटर दायरे में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इसका उल्लंघन करने वाले पर कार्रवाई की जाएगी।

सीएस ने कहा– जनता को भरोसे में लेकर आगे बढ़ेंगे – पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के कचरे को लेकर हो रहे विरोध के बीच मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा– राज्य सरकार इस मामले में हाईकोर्ट से समय देने की मांग करेगी। कोर्ट को मौजूदा परिस्थितियों के बारे में जानकारी देंगे। स्थानीय लोगों को भरोसे में लेकर ही सरकार अब इस मामले में आगे बढ़ेगी।

## हारियाण मे कार सीख रह युवक ने पाँच को कुचला ।



हरियाणा के कैथल में शनिवार को चीका अनाज मंडी में कुर्सियों पर बैठकर बात कर रहे 5 युवकों को कार चलाना सीख रहे युवक ने टक्कर मार दी। पूरी घटना का ब्ब्ज्ट वीडियो भी सामने आया है। 3 युवक उछल कर वहीं गिर गए, जबकि 2 को कार 20 मीटर तक घसीटती हुई ले गई। पूरी घटना 5 सेकेंड के अंदर हुई। घटना के आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार सवार दोनों लोगों को पकड़ लिया। इसके बाद घायलों को चीका के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जिसमें 2 युवकों को ज्यादा चोट आई हैं। पांचों युवक अनाज मंडी में मुनीम का काम करते हैं। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

## दिल्ली मे मोदी का तीन दिन मे तीसरा कायक्रम ।



दिल्ली में मोदी नरेंद्र मोदी लगातार तीन दिन में तीसरे कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। पीएम आज दोपहर 12रू15 बजे 12 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन–शिलान्यास करेंगे। इसमें दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे हिस्से का इनॉगरेशन भी शामिल है। अभी साहिबाबाद से मेरठ साउथ के बीच 42 किमी हिस्से पर नमो भारत रैपिड ट्रेन चल रही है। उद्घाटन के बाद यह हिस्सा बढ़कर 55 किमी तक हो जाएगा। पीएम मोदी आज जापानी पार्क में एक रैली को भी संबोधित करेंगे। इससे पहले मोदी ने 3 जनवरी को पीएम ने दिल्ली में 4500 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं का इनॉगरेशन और शिलान्यास किया था। वहीं 4 जनवरी को प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का इनॉगरेशन किया था।




डिजीटल संस्करण

https://sbpatra.in

पर उपलब्ध



## कुएँ मे तैरात मिला बैंक मेनेजर का शव

कुएं में मिला युवक का शव। नीमच शहर के सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले श्मशान के समीप शनिवार सुबह एक युवक का शव कुएं में मिला। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर सिटी थाना पुलिस भी पहुंची। इसके बाद रस्सी और चारपाई की मदद से युवक के शव को कुएं से बाहर निकाला। मृतक की पहचान विष्णु पिता मांगीलाल रैगर (30) निवासी रिटायर्ड कॉलोनी बघाना के रूप में हुई। मृतक शहर के भ्क्थ्ब बैंक में सेल्स मैनेजर के पद पर काम करता था। मृतक के बड़े भाई दशरथ वर्मा ने शव की पहचान करते हुए बताया कि शुक्रवार शाम 7 बजे से घर वालों से रात को लेट आने की बोलकर निकला था। लेकिन सुबह तक नहीं आया। शनिवार सुबह उसकी लाश कुएं में मिली। एक साल पहले ही विष्णु का विवाह हुआ था।

मौके से मृतक की बाइक भी पुलिस ने बरामद की है। मृतक के शव को नीमच जिला चिकित्सालय लाया गया है। जहां परिजनों के मौजूदगी में शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। पीएम के बाद शव परिजनों सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं मामले पर सीटी थाना प्रभारी विकास पटेल ने बताया है कि युवक बघाना क्षेत्र का रहने वाला था। इस संबंध में जांच जारी है। परिजनों के बयान और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है।

## झोलाछाप डाक्टर के विरूद्व जांच कर तत्काल कार्यवाही के आदेश

### कलेक्टर ने की जनसुनवाई ६२ लोगो की सुनी समस्याएं

नीमच 12 नवंबर 2024,चचोर के झोलाछाप डाक्टर द्वारा उपचार के बाद एवं मरीज को इंफेक्ष्शन हो जाने और स्वास्थ्य और ज्यादा खराब हो जाने पर चिकित्सक के विरूद्ध जांच कर तत्काल कार्यवाही करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए ग्राम सालियाखेडी की ललीता बाई के आवेदन पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीमच को दिए।

ललीता बाई ने कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम चचोर के डॉक्टर विश्वजीत द्वारा पुत्र महेश गायरी का उपचार के दौरान इंजेक्शन लगाने के बाद इंफेक्शन हो जाने और तबीयत और अधिक खराब हो जाने की शिकायत पर जांच के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए गए। साथ ही रेडक्रॉस से ललीता बाई को उपचार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। जनसुनवाई में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोरएवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने 62 आवेदकों की समस्ध्याएं सुनकर उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। जनसुनवाई में माधवगंज मोहल्ध्ला नीमच सिटी अब्दुल रहमान की फर्जी तरीके से मृतक नामांतरण करवाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने और फर्जी नामांतरण निरस्त करने संबंधी आवेदन पर तहसीलदार नीमच नगर को तत्काल कार्यवाही कर फर्जी मृतक नामांतरण निरस्त करने के साथ ही दोषी के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए।

इंदिरा नगर नीमच निवासी कृष्णमाली द्वारा प्लाट दिलाने के नाम पर कालोनाईजर द्वारा 50 हजार रूपये अमानत राशि लेने के बाद भी प्लाट नहीं देने और धोकाधडी करने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही कर आवेदक कृष्णामाली को अमानत राशि वापस दिलवाने के निर्देश भी कलेक्ध्टर ने तहसीलदार नीमच नगर को दिए है।इसी तरह जनसुनवाई में दलावदा की जशोदा, जीरन के देवीलाल, दारू के रामचंद्र, चीताखेडा की संगीता, भादवामाता की रूकमणीबाई, लुहारिया जाट के मांगीलाल, पालसोडा के शिवनारायण, जावद के बद्रीलाल, पालसोडा के कारूसिह,अम्ध्बालाल, कमलीबाई, मुकेश, परलाई के दशरथ, कांकरिया तलाई के दिनेश, मोरका के दशरथ, नयागांव के हीरानाथ, नीमच के ओमप्रकाश, धामनिया के अशोक, जागोली के हरिराम, खेडा बांगरेड़ के नाथू, कुचडौद के दुर्गाशंकर, भदाना के चंद्रकला आदि ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर समस्याएं सुनाई।

सत्य का ब्रह्मास्त्र
स्वतंत्र बौद्धिकपत्र


स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)
https//:sbpatra.in
पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/













| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/ | होम पेज पर केटेगिरी मे जाए | ई-पेपर केटेगिरी चुने | समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे ! |

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल

# https://sbpatra.in/

# से डाउनलोड कर सकते है।



# लडकी के प्यार मे बिना वीजा के पाकिस्तान पहुचाँ अलीगढ का युवक , पाकिस्तान मे पुलिस गिरफ्त में

**वहा से विडीयो कोल कर माँ को बताया जिस मकसद से आया था वो पुरा हुआ।**



अलीगढ़ का युवक बादल बाबू प्रेमिका से मिलने के लिए बिना वीजा सरहद पार कर पाकिस्तान पहुंच गया। वहां से अपनी मां को वीडियो कॉल कर कहा– जिसके लिए घर से निकला था, वो मकसद पूरा हुआ। बादल की सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की एक लड़की से दोस्ती हुई थी। प्यार परवान चढ़ा तो वह घरवालों को बिना बताए वहपाकिस्तान पहुंच गया। वहां उसेपाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने अवैध रूप से बॉर्डरक्रॉस करने के जुर्म में अरेस्ट कर लिया। अब बादल पाकिस्तान की जेल में बंद है। बादल दिल्ली में रहकर सिलाई का काम करता था। घर वालों को पता ही नहीं था कि वह पाकिस्तान में है। माता–पिता ने बताया, हमें सोशल मीडिया से पता चला कि बेटा पाकिस्तान की जेल में बंद है। हमें इस बात पर यकीन नहीं हुआ। हमें लगा कि वह दिल्ली में है। यह सूचना मिलने के बाद झटका लगा। घर वालों ने अब भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि वे हस्तक्षेप करें। बादल की रिहाई के लिए पाकिस्तान सरकार से बातचीत करें। 27 दिसंबर को पाकिस्तानी पुलिस ने पकड़ा था


# इजराइल की सीरिया मे सर्जिकल स्ट्राइक

**120 कमान्डो ने टनल में मिसाईल फेक्ट्री तबाह की**

फैक्ट्री इजराइल के उत्तर और सीरिया के तट से पश्चिम में एक पहाड़ को खोदकर बनाई गई थी। इजराइली वायुसेना ने सीरिया में 4 महीने पहले की सर्जिकल स्ट्राइक का वीडियो गुरुवार देर रात जारी किया। इजराइली वायुसेना के 120 एलीट कमांडो की एक स्पेशल यूनिट ने 8 सितंबर 2024 को सीरिया में 200 किमी घुसकर यह कार्रवाई की और ईरान की मिसाइल फैक्ट्री को तबाह कर दिया। इजराइली सेना के मुताबिक, ईरान ने पश्चिमी सीरिया के मस्फया इलाके में पहाड़ को खोदकर अंडरग्राउंड (जमीन के अंदर) मिसाइल फैक्ट्री बनाई थी। यहां से किलर मिसाइलें बनाकर उसे लेबनान में हिजबुल्लाह और असद की सेना को दिया जाता था। इजराइल के कमांडो ने टनल में अंदर जाकर ढाई घंटे तक विस्फोटक बिछाए और सुरक्षित बाहर निकल गए। इजराइल ने जब इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, तब सीरिया में बशर अल असद की सरकार थी।

# बाग्लादेश मे हिंदु संत चिन्मय प्रभु की जमानत याचिका खारिज ,चटगाँव कोर्ट मे आधा घण्टा चली बहस

**संत चिन्मया जी लगातार बांग्लादेश में हिन्दुओ के खिलाफ मामले को उठा रहो है**



बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय प्रभु दास की जमानत याचिका आज दूसरी बार खारिज हो गई। न्यूज एजेंसी डेली स्टार के मुताबिक चटगांव सेशन कोर्ट के जज सैफुल इस्लाम ने दोनों पक्षों की दलील पढ़ने के बाद ये फैसला दिया। इस मामले में करीब आधे घंटे तक सुनवाई चली। चिन्मय दास पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप है। इस मामले में राजद्रोह का केस दर्ज कर उन्हें 25 नवंबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। फैसले के बाद चिन्मय प्रभु के वकील अपूर्व भट्टाचार्य ने कहा कि वे जमानत को लेकर हाईकोर्ट में अपील करने की तैयारी कर रहे हैं। सुबह 10.15 बजे सुप्रीम कोर्ट के 11 वकीलों की टीम चटगांव कोर्ट पहुंची।

इसके बाद करीब 11 बजे मामले की सुनवाई शुरू हुई। सुनवाई के दौरान चिन्मय प्रभु को कोर्ट में पेश नहीं किया गया। इससे पहले भी 3 दिसंबर 2024 को चिन्मय की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। कोलकात इस्कॉन के वाइस प्रेसिडेंट को न्याय देने की मांग चिन्मय प्रभु की जमानत याचिका खारिज होने के बाद कोलकाता इस्कॉन के वाइस प्रेसिडेंट राधा रमन ने कहा– सभी को उम्मीद थी कि नए साल में चिन्मय प्रभु को आजादी मिल जाएगी लेकिन 42 दिन बाद भी आज सुनवाई में उनकी जमानत खारिज कर दी गई। बांग्लादेश सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें न्याय मिले।

# लद्दाख मे चीन की काउंटी (जिला) का भारत ने किया विरोध कहा इसको कुछ हिस्सा हमोर क्षैत्र में - विदेश मंत्रालय प्रवक्ता

**भारत के अनुसार ये क्षैत्र भारत का अभिन्न अंग है l**

भारत ने चीन की ओर से लद्दाख के कुछ इलाकों को अपना बताने पर विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन अपने होतान प्रांत में दो नए काउंटी (जिला) बनाने की कोशिश कर रहा है। इनका कुछ हिस्सा लद्दाख में पड़ता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में कहा– भारत ने लद्दाख में चीन के अवैध कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है। चीन के नए काउंटी का ऐलान करने से भारत की संप्रभुता पर कोई असर नहीं होगा। न ही इस क्षेत्र में चीन के अवैध और जबरन कब्जे को मान्यता मिलेगी। राजनयिक माध्यम से हमने इसकी शिकायत की है। चीन ने बीते महीने होतान प्रांत में दो नई काउंटी हेआन और हेकांग बनाने का ऐलान किया। इन काउंटियों में मौजूद कुछ इलाके भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाखका हिस्सा हैं। भारत ने साफ–साफ कहा है कि ये इलाका भारत का अभिन्न हिस्सा है और चीन का दावा पूरी तरह से अवैध है। वहीं, दूसरा मामला ब्रह्मपुत्र नदी से जुड़ा है। चीन ब्रह्मपुत्र नदी पर एक डैम बना रहा है, जिसे लेकर भारत ने आपत्ति जताई है।

# वॉशिंगटन पोस्ट ने लिखा भारत ने मुइज्जु को हटाने की कोशिश की , पाकिस्तान मे घुस का हमला कियाl

**भारत बोला अमेरिकी अखबार की साख नही**


The Washington Post
GOP fissures on foreign policy

भारत ने पाकिस्तान में घुसकर हमला करने और मालदीव में सरकार गिराने वाली वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट्स को सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह अखबार और इसके रिपोर्टर दोनों ही भारत के खिलाफ दुश्मनी भरा रवैया रखते हैं। जायसवाल ने कहा– आप उनकी एक्टिविटी में एक पैटर्न देख सकते हैं। मैं उन पर यकीन करने या फिर न करने का काम आप पर छोड़ता हूं। जहां तक हमारा सवाल है, हम मानते हैं कि उनकी साख नहीं है। अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट ने भारत के खिलाफ हाल ही में दो रिपोर्ट्स छापे हैं। एक रिपोर्ट पाकिस्तान से जुड़ी है जिसमें यहदावा किया गया है कि भारत, 2021 से पाक में करीब आधा दर्जन आतंकियों की हत्या करा चुका है। वहीं दूसरी रिपोर्ट में यहा दावा किया गया है कि भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग मालदीव में मुइज्जू को राष्ट्रपति पद से हटाकर वहां तख्तापलट करना चाहता था। हिलेरी क्लिंटन का 14 साल पुराना बयान याद दिलाया रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री का बयान याद दिलाया। जायसवाल ने कहा कि क्लिंटन ने पाकिस्तान को लेकर कहा था कि आप बैकयार्ड (घर का पिछला हिस्सा) में यह सोचकर सांप नहीं पाल सकते कि यह सिर्फ आपके पड़ोसियों को ही काटेगा। कभी न कभी वे सांप उसी पर हमला करेंगे जिसके बैकयार्ड में वे होंगे।

# ट्रम्प को 10 जनवरी को सजा सुनाई जाएगी ,पोर्न स्टार को पैसे देकर चुप कराने का मामलाl

**यह एक अवैध राजनीतिक हमला ट्रम्प बोले**





अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को शपथ ग्रहण से पहले नई मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। के मुताबिक ट्रम्प को पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को पैसे देकर चुप कराने के मामले में 10 जनवरी को सजा सुनाई जाएगी। शुक्रवार को इस मामले के जज जुआन मर्चेन ने कहा कि ट्रम्प सजा सुनाए जाने के वक्त व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअली कोर्ट में पेश हो सकते हैं। बता दें कि पिछले साल मई में मैनहैटन की कोर्ट ने ट्रम्प पर 34 आरोप तय किए थे, जिनमें पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को पैसे देकर चुप कराने का आरोप भी शामिल है। 2016 में यह पैसे इसलिए दिए गए थे ताकि स्टॉर्मी ट्रम्प के साथ अपने सेक्सुअल रिलेशन को सार्वजनिक न करें। ट्रम्प न` मर्चेन को कट्टरपंथी और पक्षपाती बताते हुए कहा– यह अवैध राजनीतिक हमला और एक धांधली के अलावा और कुछ नहीं है। यह हमारे संविधान के खिलाफ है। पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स ने अपनी किताब श्फुल डिस्क्लोजरश में भी ट्रम्प से मुलाकात का जिक्र किया है। पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स ने अपनी किताब श्फुल डिस्क्लोजरश में भी ट्रम्प से मुलाकात का जिक्र किया है। संविधान की मांग है कि इसे तुरंत खारिज कर दिया जाए ट्रम्प के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने इस फैसले की निंदा करते हुए कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट के इम्यूनिटी डिसीजन और जुरस्प्रूडन्स का सीधा उल्लंघन है। यह गैर कानूनी मामला कभी कोर्ट में लाया ही नहीं जाना चाहिए था। संविधान की मांग है कि इसे तुरंत खारिज कर दिया जाना चाहिए।

# चीन मे कोरोना जैसा नया वायरस फैला छौटे बच्चे पर ज्यादा असर प्रभावित इलाके मे एमरजेंसी का भी दावाँ

**2019 मे वुहान से कोविड फेला थाl**



कोविड–19 के 5 साल बाद चीन में फिर एक बार नए वायरस का संक्रमण फैल रहा है। इसके लक्षण भी कोरोना वायरस की तरह ही है। इस नए वायरस का नाम ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस है, जो कि एक वायरस है। वायरस से संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड–19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। चीन के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र के मुताबिक इसके लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना और गले में घरघराहट शामिल हैं। HMPV के अलावा इन्फ्लुएंजा ए, माइकोप्लाज्मा निमोनिया और कोविड–19 के केस भी सामने आ रहे हैं। इसके मरीजों की संख्या लगातार बढ़ी है। दावा– चीन में कई जगह इमरजेंसी घोषित – सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में मरीजों की फोटो पोस्ट करते हुए दावा किया गया है कि चीन ने वायरस के फैलने के बाद कई जगहों पर इमरजेंसी घोषित कर दी है। दावे के मुताबिक अस्पतालों और श्मशान घाटों में भीड़ बढ़ रही है। हालांकि, चीन की तरफ से ऐसी कोई जानकारी नहीं दी गई है। द स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक ब्ब्ब ने पहले से अस्थमा और क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी जैसी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों में संक्रमण का खतरा ज्यादा होने की बात कही है।

खबरों के लिए लोगिंग करे

https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीय अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। - सम्पादक मधुसूदन शर्मा